यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अच्छे लोग, अच्छा बैंक Union Bank of India Good people to bank with

प्रेस विज्ञप्ति

31 दिसम्बर 2017 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया.

प्रमुख तथ्य

कुल कारोबार `7.00 लाख करोड़ पार

पीसीआर ↑ 57.12%
(वर्ष दर वर्ष 650 बीपीएस वृद्धि)

सकल अग्रिम ↑ 13.5% वर्ष दर वर्ष

सीआरएआर ↑ 11.37%

आय लागत अनुपात ↓ 46.78%

परिचालन लाभ ↑ `5650 करोड़
(वर्ष दर वर्ष 6.7% वृद्धि)

शुद्ध ब्याज आय ↑ `2548 करोड़
(वर्ष दर वर्ष 19.3 % वृद्धि)

आरबीआई की सूची -2 के अनुसार नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) को संदर्भित 18 खातों के लिये संपूर्ण `991 करोड़ का अतिरिक्त अग्रिम प्रावधान.

कारोबार :

- वैश्विक कारोबार 31 दिसम्बर, 2016 के `656819 करोड़ की तुलना में 8.6% की दर से बढ़कर 31 दिसम्बर, 2017 को `712993 करोड़ हो गया. घरेलू कारोबार 31 दिसम्बर, 2016 के `625163 करोड़ की तुलना में 7.5% की दर से बढ़कर 31 दिसम्बर, 2017 को `672091 करोड़ हो गया.
- बैंक की कुल जमाराशियां 4.9% वृद्धि दर से 31 दिसम्बर, 2016 को `379807 करोड़ से बढ़कर 31 दिसम्बर, 2017 को `398518 करोड़ हो गयी.
- कासा जमाराशियां 4.6% की वृद्धि दर से बढ़कर 30 सितम्बर, 2017 को `129588 करोड़ की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को `135537 करोड़ हो गयी.
- कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का भाग 30 सितम्बर, 2017 के 33.6% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को 34.0% रहा.
- वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 37 लाख कासा खाते खोले गए, इनमें से बीएसबीडीए/ बीएसबीडीएस खातों को छोडकर 35 लाख बचत खाते खोले गए हैं.

- कुल जमाराशियों में उच्च लागत जमाराशियों का भाग 31 दिसम्बर, 2016 के 0.9% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को घटकर 0.5% हो गया.
- बैंक के वैश्विक अग्रिम 13.5% की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 31 दिसम्बर, 2017 को `314474 करोड़ हो गया, जो 31 दिसम्बर, 2016 को `277012 करोड़ था.
- घरेलू अग्रिम 31 दिसम्बर, 2016 के `249741 करोड़ की तुलना में 12.5% की वृद्धि के साथ 31 दिसम्बर, 2017 को `281028 करोड़ हो गया.

दिसम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही में वित्तीय कार्य निष्पादन :

- वैश्विक एनआईएम जुलाई-सितम्बर, 2017 के 2.08% की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में 2.23% हो गया. एक वर्ष पूर्व यह 2.01% था. घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) जुलाई-सितम्बर, 2017 के 2.19% की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में 2.34% हो गया. एक वर्ष पूर्व यह 2.04% था.
- निधियों पर आय अक्तूबर-दिसम्बर, 2016 के 7.20% एवं जुलाई-सितम्बर, 2017 के 6.81% की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में 6.67% हो गयी.
- निधियों की लागत अक्तूबर-दिसम्बर, 2016 के 5.34% एवं जुलाई-सितम्बर, 2017 के 4.89% की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में घटकर 4.61% हो गयी.
- शुद्ध ब्याज आय जुलाई-सितम्बर, 2017 के `2321 करोड़ की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में 9.8% की वृद्धि के साथ `2548 करोड़ रुपये हो गयी. पिछले वर्ष यह `2136 करोड़ थी.
- गैर ब्याज आय अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में `873 करोड़ रही.
- परिचालन लाभ अक्तूबर-दिसम्बर, 2016 के `1851 करोड़ की तुलना में अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में `1654 करोड़ रुपये हो गया. यह जुलाई-सितम्बर 2017 में `1939 करोड़ था.
- प्रति शेयर आय (वार्षिकीकृत) जुलाई-सितम्बर 2017 में `-87.50 की तुलना में सुधरकर अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में `-22.17 रही.
- अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में शुद्ध हानि `1250 करोड़ रही. इसमें `700 करोड़ निवेश मूल्यह्रास प्रावधान और `991 करोड़ का आरबीआई की सूची -2 के अनुसार नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) को संदर्भित 18 खातों के लिये अतिरिक्त प्रावधान भी शामिल है. बैंक ने एनसीएलटी खातों के लिये अतिरिक्त प्रावधान की संपूर्ण राशि पहले से ही उपलब्ध करा दी जो मार्च 2018 तक करानी थी.
- औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में -1.01% रहा.
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) अक्तूबर-दिसम्बर, 2017 में -28.08% रहा.

दिसम्बर 2017 में समाप्त नौ माह का वित्तीय कार्यनिष्पादन :

- वैश्विक एनआईएम नौ माह/2016-17 के 2.19% की तुलना में नौ माह/2017-18 में 2.13% रहा.

घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) नौ माह/2016-17 के 2.27% की तुलना में नौ माह/2017-18 में 2.23% हो गया.

- निधियों पर आय नौ माह/2016-17 के 7.60% की तुलना में नौ माह/2017-18 में 6.80% रही.
- निधियों की लागत नौ माह/2016-17 के 5.57% की तुलना में घटकर नौ माह/2017-18 में 4.84% रही.
- शुद्ध ब्याज आय नौ माह/2016-17 के `6516 करोड़ की तुलना में 9.1% की वृद्धि के साथ नौ माह/2017-18 में `7112 करोड़ हो गयी.
- गैर ब्याज आय नौ माह/2016-17 के `3519 करोड़ की तुलना में नौ माह/2017-18 में `3505 करोड़ हो गयी.
- नौ माह/2017-18 में शुद्ध हानि `2664 करोड़ रही. इसमें `440 करोड़ निवेश मूल्यह्रास प्रावधान और `2557 करोड़ का आरबीआई की सूची -1 और 2 के अनुसार नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) को संदर्भित 29 खातों के लिये अतिरिक्त प्रावधान भी शामिल है. बैंक ने एनसीएलटी खातों के लिये अतिरिक्त प्रावधान की संपूर्ण राशि पहले से ही उपलब्ध करा दी जो मार्च 2018 तक करानी थी.
- आय लागत अनुपात नौ माह/2016-17 के 47.23% की तुलना में नौ माह/2017-18 में सुधरकर 46.78% हो गया.
- औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) नौ माह/2017-18 में -0.74% रहा.
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिकीकृत) नौ माह/2017-18 में -19.95% रहा.
- प्रति शेयर आय (वार्षिकीकृत) नौ माह/2017-18 में `-49.53 रहा.

आस्ति गुणवत्ता :

- स्लीपेज का स्तर वित्तीय वर्ष 2017-18 की तीसरी तिमाही में `4187 करोड़ रहा.
- सकल एनपीए 31 दिसम्बर, 2016 के 11.70% तथा 30 सितंबर, 2017 के 12.35% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को 13.03% रहा.
- शुद्ध एनपीए अनुपात 31 दिसम्बर, 2016 के 6.95% तथा 30 सितंबर, 2017 के 6.70% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को 6.96% रहा.
- प्रावधान कवरेज अनुपात 31 दिसम्बर, 2016 के 50.62% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को 57.12% रहा. 30 सितंबर, 2017 को यह 56.06% था.

पूँजी पर्याप्तता :

- बासल III के अंतर्गत बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 दिसम्बर, 2016 के 11.35% तथा न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.25% की तुलना में 31 दिसम्बर, 2017 को बढ़कर 11.37% रहा.
- 31 दिसम्बर, 2017 को टियर I अनुपात 8.65% है, जिसमें 6.75% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा की तुलना में कॉमन इक्विटि टियर I 7.18% है.
- अग्रिम में वर्षानुवर्ष आधार पर 13.52% की वार्षिक वृद्धि की तुलना में जोखिम भारित आस्तियों की वृद्धि दर

वर्षानुवर्ष आधार पर 2.98% ही रही.

डिजिटल पहल :

ग्राहक सेवा को बेहतर करने हेतु बैंक विभिन्न डिजिटल पहल करने तथा डिजिटल उत्पादों की निरंतर शुरुआत करने में अग्रणी रहा है. तिमाही के दौरान बैंक की कुछ प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार रहीं:

- फिंगरप्रिंट के जरिये एटीएम लेनदेनों में बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन की शुरुआत.
- सोश्ल मीडिया एवं बैंक की वेबसाइट पर ग्राहकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देने के लिए यूनियन वर्चुअल एस्सिटेंट (यूवीए) एफ़एक्यू चैटबोट का आरंभ किया गया.
- सभी ग्राहकों के लिये औसत तिमाही शेष राशि को ध्यान में रखे बिना ही वीजा पेवेव डेबिट कार्ड की सुविधा जारी की गयी है.
- मोबाइल बैंकिंग में वर्षानुवर्ष आधार पर 87% की वृद्धि हुई.
- पीओएस टर्मिनल में वर्षानुवर्ष आधार पर 94% की वृद्धि हुई.
- क्रेडिट कार्ड में वर्षानुवर्ष आधार पर 20% की वृद्धि हुई.
- टाकिंग एटीएम में 61% वार्षिक दर से वृद्धि हुई है.
- "सम्पूर्ण संव्यवहार" का 73% संव्यवहार केवल "डिजिटल चैनल के माध्यम से सम्पन्न किया गया.

वित्तीय समावेशन :

- प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत बैंक में अभी तक 74.6 लाख से भी अधिक खाते खोले गये हैं, जिनमें `1359.8 करोड़ की राशि जमा है.
- प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत बैंक द्वारा 31 दिसम्बर, 2017 तक 48.12 लाख रुपे कार्ड जारी किए गए.
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीजे) के अंतर्गत नामांकन संख्या बढ़कर क्रमश: 30.7 लाख, 13.08 लाख एवं 2.8 लाख हो गयी है.
- बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अक्तूबर-दिसम्बर 2017 में 33074 खातों में `644 करोड़ का वित्त पोषण किया है, जिसमें हल्के व्यावसायिक वाहनों के वित्त पोषण हेतु विशेष योजना के जरिये 10961 लाभार्थियों को दी गयी `257 करोड़ की राशि शामिल है.

नेटवर्क :

- 31 दिसम्बर, 2017 के अंत में बैंक का शाखा नेटवर्क 4 विदेशी शाखाओं हांगकांग, डीआईएफ़सी (दुबई), एंटवर्प (बेल्जियम) तथा सिडनी (आस्ट्रेलिया) को मिलाकर 4302 रहा, इसके अतिरिक्त शंघाई, बिजिंग तथा अबू धाबी में बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय हैं. बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड' के माध्यम से इंग्लैंड में भी अपना कारोबार कर रहा है.
- 31 दिसम्बर, 2017 को बैंक के 2495 टॉकिंग एटीएम और 5407 माइक्रो एटीएम सहित कुल एटीएमों की संख्या 13097 हो गयी.

अक्तूबर–दिसम्बर 2017 के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान :

- यूनियन मोबाइल एनपीए रिकवरी ऐप के लिए हमारा बैंक "स्कोच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड" का विजेता रहा.
- यूनियन कस्टमर सर्विस कनैक्ट (ओसीआरएम) के लिए इंफ़ोसिस द्वारा हमारे बैंक को बेस्ट कस्टमर सर्विस इनौवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया.

------------------------------ X ------------------------------

दिनांक: 03 फरवरी, 2018

स्थान : मुंबई

प्रेस विज्ञप्ति